रिक्ति का विवरण

संस्थान/कंपनी: A2Z MULTISERVICES AND IT SOLUTIONS PVT LTD
पदनाम: Educator
विभाग का नाम: बेसिक शिक्षा विभाग

आवेदन की अंतिम तिथि : 18-11-2026 रिक्ति पोस्ट करने की तिथि: 02-11-2026

कुल रिक्तियां 160

अनिवार्य योग्यता

क्रमांक	शिक्षा समूह	वर्ग (स्ट्रीम)	शिक्षा स्तर	विषय	समकक्ष योग्यता
1	Graduate,	Arts,	B.A.,	Home Science,	क्रमांक: 1, शिक्षा समूह: Graduate, वर्ग (स्ट्रीम): Science, शिक्षा स्तर: B.Sc, विषय: Home Science, क्रमांक: 1, शिक्षा समूह: Diploma, वर्ग (स्ट्रीम): Education, शिक्षा स्तर: nursery teacher education, विषय: समस्त क्रमांक: 1, शिक्षा समूह: Diploma, वर्ग (स्ट्रीम): Education, शिक्षा स्तर: CT(Nursery), विषय: समस्त क्रमांक: 1, शिक्षा समूह: Other, वर्ग (स्ट्रीम): training, शिक्षा स्तर: Nursery Teacher Training (NTT), विषय: समस्त

रिक्ति की प्रकृति थर्ड पार्टी

कार्य का विवरण • विधि द्वारा स्थापित एवं यू०जी०सी० से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक परीक्षा गृह विज्ञान मुख्य विषय के साथ न्यूनतम 50 प्रतिशत के अंको के साथ उत्तीर्ण की हो। आरक्षित वर्गों को नियमानुसार न्यूनतम अंकों में 5 प्रतिशत की छूट होगी। अथवा नर्सरी अध्यापक शिक्षा / एन०टी०टी० /सी०टी० (नर्सरी) / डी०पी०एस०ई० का कम से कम दो वर्ष की अवधि का डिप्लोमा अथवा समकक्ष योग्यता, जो कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् से मान्य हो।

अपेक्षित वर्ग: पुरुष, महिला, विकलांग, भूत पूर्व सैनिक, खिलाडी,

रिक्ति/भर्ती विवरण
वेतन सीमा : 10001 - 20000 वेतन (/माह) : 10313
न्यूनतम आयु (सामान्य) : 21
अधिकतम आयु (सामान्य) : 42

अपेक्षित अनुभव आवश्यक नहीं

कार्य स्थल:

क्रमांक	राज्य	जनपद
1	उत्तर प्रदेश,	बुलन्दरशहर,

अन्य विवरण
आवेदनकर्ता की अधिकतम आयु 1 जुलाई 2025 को 40 वर्ष से अधिक न हो। (आयु की गणना शासनादेश के अनुसार की जाएगी) ईसीसीई ऐजुकेटर्स का कार्य एवं दायित्व:- आयुवर्ग 3 से 6 वर्ष के बच्चों को औपचारिक शिक्षा हेतु तैयार करना। आयुवर्ग 3 से 6 वर्ष के बच्चों के भौतिक, मानसिक, सामाजिक संवेगात्मक एवं अकादमिक विकास हेतु वातावरण सृजन एवं आंगनबाडी कार्यकत्री को उक्त की सम्प्राप्ति में सहयोग प्रदान करना। आयुवर्ग 5 से 6 वर्ष के बच्चों पर विशेष ध्यान देते हुए निपुण भारत मिशन के अंतर्गत निर्धारित अधिगम स्तर की सम्प्राप्ति को सुनिश्चित करना। बच्चों के संज्ञानात्मक विकास हेतु रंग, आकार, ध्वनि, वस्तु, वातावरण यथा पेड-पौधे, पक्षी, जानवरों आदि से संबंधित गतिविधियों का प्रयोग करना। आंगनबाडी कार्यकत्री को बच्चों के साथ अन्य क्रियाकलापों यथा खेल, नाटक, पिकनिक, क्षेत्र भ्रमण, संगीत, हाथ के कार्य आदि हेतु कार्ययोजना बनाते हुए कार्य करना। अभिभावकों के साथ मुख्यतः माताओं के साथ बैठक करते हुए बच्चों की प्रगति से लगातार अवगत कराना। इसके साथ ही घर में बच्चों को सीखने का वातावरण उपलब्ध कराने हेतु माताओं का अभिमुखीकरण करना। बच्चों के पृष्ठभूमि विकास आदि के इंडीकेटर्स से संबंधित चाइल्ड प्रोफाइल तैयार करना एवं उसके माध्यम से बच्चों के विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करना। आंगनबाडी कार्यकत्री के साथ मिलकर आयुवर्ग 3 से 6 वर्ष के बच्चों हेतु गुणवत्तापरक सीखने का वातावरण बनाना एवं गतिविधियों को सीखने को मुख्य आधार बनाकर कार्य करना। शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न बैठकों, प्रशिक्षण आदि में समय-समय पर प्रतिभाग करना। ईसीसीई एजूकेटर विद्यालय के प्रधानाध्यापक के नियंत्रणाधीन एवं उनके मार्गदर्शन में कार्य करेंगे। प्रधानाध्यापक का यह दायित्व होगा कि संबंधित कर्मी को ईसीसीई से संबंधित कार्यों में लगाया जाये। फलस्वरूप आंगनबाडी केन्द्रों में नामांकित बच्चों के साथ उपरोक्तानुसार दिये गये कार्यों को करना संबंधित कर्मी द्वारा अनिवार्यता से किया जायेगा, जिसका अनुश्रवण प्रधानाध्यापक द्वारा किया जायेगा। संबंधित कर्मी की कार्यावधि विद्यालय समय सारिणी के अनुसार निर्धारित की जायेगी।

Note:-You are requested to go through the job requirement in Detail and ensure that you fulfill the given eligibilty criteria including essential/ preferential qualification along with required/desired experience before applying for the job.